आकाशवाणी
क्षेत्रीय समाचार
देहरादून (उत्तराखण्ड)
रविवार 25.05.2025
समय 1830

<u>मुख्य समाचार :–</u>

- आकाशवाणी से मन की बात कार्यक्रम में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने कहा– ऑपरेशन सिंदूर ने दुनिया भर में आतंकवाद के खिलाफ लड़ाई में नया आत्मविश्वास और उत्साह भरा।
- श्री हेमकुंड साहिब और लोकपाल मंदिर के कपाट आज श्रद्धालुओं के लिए खोल दिए गए हैं। कड़ी सुरक्षा के बीच यात्रा सुचारू रूप से जारी।
- देहरादून स्थित राष्ट्रपति आवास– 24 जून से आम जनता के लिए खुलेगा।
- मौसम में आए बदलाव से लोगों ने भीषण गर्मी से राहत ली। प्रदेश में 31 मई तक बारिश की चेतावनी।

<u>मन की बात</u>

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने कहा है कि ऑपरेशन सिंदूर ने दुनिया भर में आतंकवाद से लड़ाई में नए उत्साह का संचार किया है। आकाशवाणी से मन की बात कार्यक्रम में श्री मोदी ने कहा कि आपरेशन सिंदूर केवल सैन्य मिशन नहीं हैं बल्कि राष्ट्र का संकल्प और साहस है।

प्रधानमंत्री ने कहा कि ऑपरेशन सिंदूर के दौरान स्वदेशी हथियारों ने दुनिया को अपनी ताकत दिखाई है।

श्री मोदी ने प्रत्येक व्यक्ति से देश में बने उत्पादों को प्राथमिकता देने का आग्रह किया। प्रधानमंत्री ने कहा कि ऑपरेशन सिंदूर ने पूरे देश में राष्ट्र भक्ति की भावना भरी और देश को तिरंगे से सराबोर कर दिया।

श्री मोदी ने कहा कि इस वर्ष भी योग दिवस के बारे में दुनियाभर में लोगों का जोश और उत्साह नजर आ रहा है। प्रधानमंत्री इस वर्ष विशाखापत्तनम में योग दिवस कार्यक्रम में शामिल होंगे।

प्रधानमंत्री ने पेपर वेस्ट और रिसाइक्लिंग का भी जिक्र किया। श्री मोदी ने बताया कि एक टन पेपर की रिसाइक्लिंग से 17 पेड़ कटने से बचते हैं और हजारों लीटर पानी की बचत होती है। उन्होंने देशवासियों से आग्रह किया कि वे घरों और कार्यालयों में पेपर को अलग करके रिसाइक्लिंग के काम में योगदान करें।

मन की बात कार्यक्रम में प्रधानमंत्री ने उत्तराखंड के हल्द्वानी के जीवन जोशी का भी जिक्र किया। श्री मोदी ने कहा कि जीवन जोशी जैसे कलाकार हमें याद दिलाते हैं कि परिस्थितियों चाहे जैसी भी हों लेकिन इरादा मजबूत हो तो कुछ भी नामुमकिन नहीं।

आकाशवाणी से बातचीत में जीवन जोशी ने कहा कि मन की बात कार्यक्रम में उनका जिक्र करने के लिए वे प्रधानमंत्री का आभार व्यक्त करते हैं। उन्होंने कहा कि वे इस कला के माध्यम से अन्य लोगों को भी स्वरोजगार से जोड़ने का प्रयास करेंगे।

<u>हेमकुंड साहिब</u>

चमोली जिले में स्थित सिख धर्म की आस्था के प्रमुख केंद्र और पवित्र तीर्थस्थल श्री हेमकुंड साहिब के कपाट आज विधि–विधान के साथ श्रद्धालुओं के लिए खोल दिए गए हैं। इसके साथ ही श्री हेमकुंड साहिब की वार्षिक यात्रा का विधिवत शुभारंभ हो गया है।

कपाट खुलने की प्रक्रिया के तहत, शनिवार को गोविन्दघाट गुरुद्वारे से पंच प्यारों की अगुवाई में सिख श्रद्धालुओं का पहला जत्था भारी पुलिस सुरक्षा, बैंड–बाजों की धुन और पवित्र निशान साहिब के साथ हेमकुंड साहिब के लिए रवाना हुआ था।

श्रद्धालुओं की सुरक्षा और सुगम यात्रा सुनिश्चित करने के लिए जिला प्रशासन और पुलिस ने पुख्ता इंतजाम किए हैं। हेमकुंड साहिब यात्रा मार्ग के मुख्य पड़ावों पर विशेष रूप से एसडीआरएफ की टीमें भी तैनात की गई हैं।

श्रद्धालु मोहकम सिंह ने कहा कि उन्हें हेमकुंड साहिब की यात्रा पर आकर शांति का अनुभव हो रहा है। यात्रा मार्ग पर किए गये प्रबंध के लिए उन्होंने सरकार का आभार व्यक्त किया।

चमोली जिले में ही स्थित हिंदुओं की आस्था के प्रतीक लोकपाल मंदिर के कपाट भी विधि–विधान के साथ श्रद्धालुओं के लिए खोल दिए गए हैं।

<u>चारधाम यात्रा</u>

प्रदेश में चारधाम यात्रा जोरों पर है। चारों धामों में तीर्थयात्री श्रद्धा भाव से दर्शन कर रहे है और यात्रा के बाद सुगमता से अपने गंतव्य की ओर लौट रहे है। उत्तरकाशी स्थित गंगोत्री और यमुनोत्री धामों में स्वच्छता पर विशेष ध्यान दिया जा रहा है।

गंगोत्री धाम में बारिश के बीच बड़ी संख्या में श्रद्धालु यात्रा के लिए पहुंच रहे हैं। गंगोत्री मंदिर के तीर्थ पुरोहित राजेश सेमवाल ने बताया कि बारिश में भी श्रद्धालुओं को व्यवस्थित तरीके से दर्शन कराए जा रहे हैं।

<u>राष्ट्रपति निकेतन</u>

देहरादून में स्थित राष्ट्रपति निकेतन 24 जून से आम जनता के लिए खुल जाएगा। 186 साल पुराने 21 एकड़ के एस्टेट को खोलना राष्ट्रपति और राष्ट्रपति भवन की विरासत के साथ नागरिकों की सहभागिता बढ़ाने की पहल का हिस्सा है।

राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मु 20 जून को राष्ट्रपति निकेतन का दौरा करेंगी और इस एस्टेट को आम जनता के लिए खोलने की तैयारियों का जायजा लेंगी। इस अवसर पर वह 132 एकड़ के इकोलॉजिकल पार्क, राष्ट्रपति उद्यान की आधारशिला भी रखेंगी।

मौसम

प्रदेश के पर्वतीय अंचल में आज हल्की से मध्यम बारिश दर्ज की गयी, जबकि राजधानी देहरादून समेत राज्य के विभिन्न हिस्सों में कहीं–कहीं सुबह हल्की बारिश के बाद दिनभर बादल छाए रहे। प्रदेश के विभिन्न स्थानों पर बारिश और बादल छाए रहने से तापमान में गिरावट आने से लोगों ने भीषण गर्मी से राहत ली है।

मौसम विभाग ने 31 मई तक राज्य में बारिश की चेतावनी जारी की है। विभाग के अनुसार आज चमोली, रुद्रप्रयाग, पिथौरागढ़, बागेश्वर और बागेश्वर में आंधी, तेज बारिश और ओलावृष्टि के आसार बने हुए हैं।